हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 5 जून 2026

12 हांसी में नालों की सफाई तेज, 800 मीटर काम...



13 बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने रोके चुनाव, वकीलों ने...



## खबर संक्षेप

### विकास नगर में 6.86 ग्राम हेरोइन समेत युवक दबोचा

**हिसार।** पड़ाव चौकी पुलिस ने विकास नगर से एक युवक को 6 ग्राम 860 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पड़ाव चौकी से एएसआई विक्रम कुमार ने बताया कि उनकी टीम विकास नगर क्षेत्र में गश्त एवं अपराध जांच के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए एक युवक को शक के आधार पर काबू करके लाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6 ग्राम 860 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंबेडकर बस्ती निवासी रमन उर्फ धोला के रूप में हुई है।

### खेलो इंडिया महिला सिटी लीग 7 को उकलाना में

**उकलाना।** भारत सरकार, साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ के सहयोग से अस्मिता साइक्लिंग सिटी खेलो इंडिया महिला लीग प्रतियोगिता का आयोजन 7 जून को उकलाना में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला साइकिलिंग संघ के महासचिव जगदीश असीजा ने दी।

### टेलीग्राम पर नौकरी का झांसा दे 1.38 लाख ठगे

**हांसी।** साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए गुजरात निवासी आरोपी शुभम कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। साइबर थाना के एएसआई सुरेंद्र के अनुसार थाना बास क्षेत्र के विक्की ने शिकायत दी थी कि जनवरी 2025 में उसे टेलीग्राम पर घर बैठे नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया। आरोपी ने विभिन्न टास्क पूरे करने और अधिक लाभ कमाने का लालच देकर उससे अलग-अलग किस्तों में 1,38,600 रुपये अपने बैंक खातों और यूपीआई आईडी में जमा करवा लिए। रकम मिलने के बाद आरोपी ने टेलीग्राम ग्रुप बंद कर दिया। शिकायत पर साइबर थाना हांसी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों और बैंक लेन-देन के विश्लेषण से आरोपी की पहचान भुज, गुजरात निवासी शुभम कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर ठगी की राशि में से 40 हजार रुपये बरामद किए हैं। मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच जारी है।

# भाजपा में छोटे कार्यकर्ता को भी मिलती है बड़ी जिम्मेदारी, अन्य दलों में यह परंपरा नहीं

## पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने खांडा खेड़ी में भाजपा की संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी व ऐसी पार्टी है, जिसमें छोटे कार्यकर्ता को भी बड़ी जिम्मेदारी दी जाती है, जबकि अन्य राजनीतिक दलों में ऐसी परंपरा नहीं है। उन्होंने आह्वान किया कि हर पार्टी वर्कर खुद को भाजपा मानकर संगठन की मजबूती में जुट जाए।

कैप्टन अभिमन्यु नारनौंद हलके के गांव खांडा खेड़ी स्थित माता जियो देवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भाजपा की संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। बैठक में नारनौंद हलका प्रभारी विधायक कृष्ण कुमार, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी और जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान ने भी शिरकत की। इस मौके पर जिप चेयरमैन सोनू डाटा, मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान, चेयरमैन शमशेर कूकन, महिला जिला प्रधान नीलम जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष कर्णपाल पेटवाड़, सोनू सैनी, महाबीर श्योराण, देवेंद्र बूरा, संजय खरब, दीपक लोहान,सुनील बैरागी, सुरेश एमसी, कुलदीप गौतम, नरेश वर्मा, राजबीर खेड़ी, सोनू नरवाल, अमरजीत लोहान, कपिल पंच, सरला नाड़ा, अफ़साना कोथ, अंग्रेजो आदि थे।

### देश में एक सामाजिक परिवर्तन भी शुरूः कैप्टन अभिमन्यु

*कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि देश में एक सामाजिक परिवर्तन भी शुरू हो चुका हैं। जब देश की संसद में एक तिहाई महिलाएं जाएंगी तो देश की तस्वीर बदलने का काम करेगी ओर देश मजबूत होगा। महिलाएं जिस चीज को अपने हाथों में ले लेती हैं तो उस कार्य को पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ पूरा करती हैं। प्रदेश अध्यक्ष की कमान डॉ. अर्चना गुप्ता को सौंपी गई हैं। अब संगठन को ओर ज्यादा मजबूत करके पार्टी को मजबूती देने का काम करेंगी। पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने आप को भाजपा मानकर पार्टी को मजबूत करने का काम करें। बूथ स्तर पर हर कार्यकर्ता पूरी मजबूती से काम करके नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें।*



नारनौंद : मंच पर ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते कैप्टन अभिमन्यु व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### जनता को गुमराह करके अपना काम चला रहे विपक्ष के लोग

*पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि विपक्ष के लोग जनता को गुमराह करके अपना काम चला रहे हैं लेकिन लोगों को समझना होगा कि उनका विकास कौन सी पार्टी का नेता करवा सकता हैं। सभी मंडल अध्यक्ष अपने-अपने मडलों में बैठक करके पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करें भाजपा के शासन में पूरे प्रदेश का सामान तरीके से विकास किया जा रहा हैं।*

### कार्यकर्ताओं को लगातार पूरी मुस्तैदी के साथ काम करना होगा : कृष्ण कुमार

बैठक को संबोधित करते हुए नारनौंद हलका प्रभारी एवं विधायक कृष्ण कुमार ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को लगातार पूरी मुस्तैदी के साथ काम करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आज से ही धरातल पर मेहनत शुरू कर दें, ताकि संगठन को और ज्यादा मजबूती देकर सफलता के नए आयाम स्थापित किए जा सकें। पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए विधायक ने कहा कि आज प्रदेश में बिना 'खर्ची और पर्ची' के पूरी पारदर्शिता के साथ युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं, जबकि पहले के समय में नौकरियों की सरेआम खुली बोली लगती थी। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए आगे कहा कि आम जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करने के लिए सरकार द्वारा लगातार समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, जहाँ लोगों की समस्याओं का तुरंत निवारण किया जा रहा है।

# चानौत में बिजली-पानी के लिए आंदोलन तेज, अब भूख हड़ताल पर बैठे 101 पुरुष

## डीसी और एसपी से मुलाकात भी बेनतीजा, आज निकालेंगे सरकार की सांकेतिक शव यात्रा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पेयजल और बिजली की मांग को लेकर चानौत गांव में चल रहा धरना गुरुवार को 20वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन को तेज करते हुए गुरुवार को गांव के 101 पुरुष ग्रामीण भूख हड़ताल पर बैठ गए। इससे एक दिन पहले बुधवार को गांव की 51 महिलाएं अनशन पर बैठी थीं। धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो शुक्रवार को सरकार की सांकेतिक शव यात्रा निकाली जाएगी। आंदोलनकारियों का कहना है कि प्रशासन को अब उनकी आवाज सुननी होगी।

प्रशासन के बुलावे पर बुधवार शाम को ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त राहुल नरवाल और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार से विश्रामगृह में मुलाकात कर उनके समक्ष अपनी मांगें रखी थीं। हालांकि डीसी की ओर से कमेटी के सामने गांव में बरसाती पानी निकासी के लिए आरसीसी लाइन डालने का प्रस्ताव, हर महीने अधिकारियों के साथ गांव में रात्रि ठहराव, खेत-खलिहान और गलियों के रास्तों की मरम्मत, श्मशान घाट के विकास कार्यों सहित खरकड़ी गांव से 12 इंची विशेष पानी की लाइन डलवाने तथा गांव के लिए स्थायी बिजली व्यवस्था का प्रबंध किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। हालांकि, अभी तक इस मुलाकात का कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



हांसी। चानौत में आंदोलन का समर्थन करते धरने पर बैठे कांग्रेस नेता व गांव में अनशन पर बैठे ग्रामीण।



### सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच और 80 साल के बुजुर्ग अनशन पर

गुरुवार को धरनास्थल पर भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों में सरपंच प्रतिनिधि हिमांशु, पूर्व सरपंच सत्यवान समेत गांव के कई प्रमुख लोग शामिल हैं। खास बात यह है कि 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग भी आंदोलन में भाग ले रहे हैं। अनशन पर बैठे कुछ ग्रामीणों पर आंदोलन के दौरान सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में मुकदमे भी दर्ज हैं।

### स्पष्ट निर्णय तक जारी रहेगा आंदोलन

धरना कमेटी ने स्पष्ट किया है कि जब तक भाखड़ा पाइपलाइन से गांव को पानी का कनेक्शन देने और बिजली समस्या के समाधान को लेकर सरकार कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लेती, तब तक उनका यह आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह संघर्ष गांव के भविष्य और बुनियादी सुविधाओं के अधिकार की लड़ाई है।

### भाखड़ा पाइपलाइन से कनेक्शन, 42 साल पुराने तार बदलने की मांग

धरने पर बैठे ग्रामीणों की मुख्य मांग हांसी शहर को पेयजल आपूर्ति करने वाली भाखड़ा पाइपलाइन से चानौत गांव को कनेक्शन देने की है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे गांव की वर्षों पुरानी पीने के पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। इसके अलावा ग्रामीण गांव में करीब 42 साल पहले लगाए गए बिजली के जर्जर तारों को बदलने व बिजली व्यवस्था को सुधारने की मांग कर रहे हैं।

### धरने को कांग्रेस का समर्थन

चानौत गांव में पानी की मांग को लेकर चल रहे धरने को कांग्रेस ने समर्थन दिया। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष ब्रजलाल बहबलपुरिया, एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना और पूर्व टैक्स ट्रिब्यूनल सदस्य हरपाल सिंह बूरा धरनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। बहबलपुरिया ने कहा कि चानौत के ग्रामीण अपने अधिकार के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष कर रहे हैं। पानी जैसी मूलभूत जरूरत के लिए धरने पर बैठना भाजपा सरकार की संवेदनहीनता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ग्रामीणों के न्यायपूर्ण आंदोलन के साथ खड़ी है।

### ...तो अफसरों पर केस करेगी इनेलो

इनेलो के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान ने चेतावनी दी कि यदि केस वापस न लिए गए तो इनेलो की लीगल टीम नि:शुल्क किसानों की कानूनी



सहायता कर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने बिना पूर्व सूचना और भूमि अधिग्रहण के खेतों में गड्ढे खोदकर पाइपलाइन बिछा दी। विरोध पर ग्रामीणों, किसान नेताओं, खाप प्रतिनिधियों और संघर्ष समिति के सदस्यों पर केस दर्ज कर दिए। ट्रैक्टर चला रहे किसान दयानंद को नोटिस जारी कर दिया। गलती का अहसास होने पर प्रशासन अब खुद पाइपलाइन उखाड़ रहा है। इससे स्पष्ट है कि अधिकारियों को कार्रवाई की वैधता पर संदेह है। उन्होंने कहा कि सभी केस तुरंत वापस किए जाएं। इस अवसर पर जिला प्रधान विजय जैन, सतबीर सिसाय, राजेश बिल्लू आदि थे।

### साइबर ठगों से वापस दिलाए 32.95 लाख रुपये

**हिसार।** साइबर थाना टीम ने साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता के 32 लाख 95 हजार रुपये बरामद कर उन्हें वापस दिलवाए हैं। साइबर थाना से सब-इंस्पेक्टर हरजिन्द्र सिंह ने बताया कि इस ठगी के बारे में इस वर्ष 19 मार्च को एनसीसीआरपी पोर्टल पर तरसेम नगर निवासी कृष्ण कुमार की शिकायत मिली। भारत पेट्रोलियम से सेवानिवृत्त कृष्ण कुमार ने बताया कि 7 मार्च को उसके मोबाइल नंबर पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को मुंबई पुलिस मुख्यालय में तैनात डीआईजी प्रदीप जायसवाल बताया तथा उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। आरोपी ने वीडियो कॉल के माध्यम से पुलिस वर्दी का दिखावा कर भय पैदा किया और आधार कार्ड व बैंक खाते से जुड़े फर्जी आरोप लगाकर उन्हें डराया-धमकाया। आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता को डराकर उनसे लगभग 50 लाख रुपये की ठगी की गई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी जांच के माध्यम से 32 लाख 95 हजार की राशि को होल्ड करवाई गई और अदालत से सुपरदारी आदेश प्राप्त करके यह राशि शिकायतकर्ता को वापस दिलवाई गई। मामले में आरोपी प्रदीप को शीघ्र ही गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

■ झूठे केस में फंसाने का डर दिखाकर हड़पे थे 50 लाख रुपये

# रिश्वत लेते दो पटवारियों समेत तीन गिरफ्तार

## इंतकाल के नाम पर हांसी के पटवारी और उसके सहयोगी ने मांगे थे 10 हजार रुपये

**हिसार।** हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवी एंड एसीबी) ने की भिवानी टीम ने हांसी के पटवारी विशाल व उसके सहयोगी पवन को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दोनों पर पुलिस थाना एसवी एंड एसीबी, हिसार में मामला दर्ज किया गया है।

इस संबंध में शिकायतकर्ता ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसके प्लॉट के इंतकाल की प्रक्रिया पूर्ण करवानी है। इसके बदले विशाल पटवारी द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है।शिकायत की जांच के बाद एसीबी की भिवानी यूनिट द्वारा योजनाबद्ध ढंग से ट्रैप लगाया गया। ट्रैप के दौरान आरोपी पटवारी विशाल के कहने पर पवन नामक निजी व्यक्ति ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि ली। जैसे ही रिश्वत की रकम का लेन-देन हुआ, एसीबी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को रंगे हाथ काबू कर लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सीसवाल के पटवारी ने मांगे थे 1700 रुपये

हिसार। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवी एंड एसीबी) की टीम ने कृषि भूमि के इंतकाल (म्यूटेशन) के बदले रिश्वत मांगने वाले पटवारी महेंद्र सिंह को 1700 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के हिसार कार्यालय में आरोपी पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसकी कृषि भूमि के इंतकाल की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए जिले के गांव सीसवाल स्थित पटवारखाना में कार्यरत पटवारी महिंदर सिंह उससे 1700 रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत की जांच के बाद एसवी एंड एसीबी की सिरसा इकाई ने ट्रैप की योजना बनाई। कार्रवाई के दौरान आरोपी पटवारी को शिकायतकर्ता से 1700 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आम जनता से अपील की है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाएं। यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तत्काल ब्यूरो के टोल-फ्री नंबर 1800-180-2022 अथवा 1064 पर दें। शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है तथा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

# अचानक बदला मौसम, आंधी-बूंदाबांदी से गिरा पारा



**हिसार।** जिले में गुरुवार को भीषण गर्मी के बीच शाम के समय मौसम ने अचानक करवट ली, जिससे लोगों को राहत मिली। दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों से निकलना कठिन हो रहा था, लेकिन शाम को राजस्थान की ओर से तेज धूलभरी आंधी जिले में पहुंची। आंधी के साथ आसमान धूल और बादलों से ढक गया तथा कई स्थानों पर दृश्यता प्रभावित हुई। इसके कारण कुछ क्षेत्रों और गांवों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। हिसार तथा हांसी के कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी दर्ज की गई।

### 42° दर्ज किया गया तापमान

गुरुवार को अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.4 डिग्री कम था, जबकि न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्रमोहन के अनुसार पाकिस्तान और राजस्थान क्षेत्र में सक्रिय मौसमी तंत्रों के प्रभाव से मौसम में बदलाव आया है। आने वाले दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने, तेज हवाएं चलने और कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है।

# पानी की मोटर चुराकर बेच रहे युवक को पीटा, कुएं में लटकाया

■ पुलिस बोली- जानकारी नहीं वीडियो की जांच की जाएगी

**हांसी।** क्षेत्र के गांव सोरखी में मोटर चोरी के आरोप में एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर रस्सियों से बांधकर कुएं में उल्टा लटका दिया। आरोप है कि युवक पानी की मोटर चोरी करके कबाड़ी को बेच रहा था कि उसे मोटर बेचते समय ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। हालांकि पुलिस ने युवक को कुएं में लटकाने से संबंधित कोई शिकायत मिलने से इनकार किया है।

बताया जा रहा है कि हांसी क्षेत्र के गांव सोरखी में एक युवक को पानी की मोटर चोरी करते पकड़ा। जब वह चोरी की गई मोटर कबाड़ी को बेच रहा था तो ग्रामीणों ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने युवक को रस्सियों से बांधकर डंडों से पीटा और पुलिस की तरह थर्ड डिग्री देकर उससे चोरी की और भी वारदातें कबूल करवाई। युवक चीखता-चिल्लाता रहा। युवक ने जैसे ही चोरी की और वारदातें कबूली तो ग्रामीणों ने और मारपीट उसके साथ की। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ग्रामीण आरोपी युवक को पीटते हुए और कुएं में उल्टा लटकाते हुए दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिखाई रहा है कि ग्रामीणों ने युवक को रस्सियों से बांधकर कुएं में उल्टा लटकाया हुआ है। युवक बाहर निकलने के लिए जोर-जोर से चिल्लाता है।



हांसी। कुएं में लटका हुआ युवक।

### घटना दो दिन पुरानी

गांव के सरपंच रामचंद्र का कहना है कि यह घटना दो दिन पुरानी है। पकड़ा गया युवक अनुसूचित जाति से संबंध रखता है। वह चोरी और नशा करता है। ग्रामीणों ने इसे मौके पर पकड़ लिया था। मगर उसे गलत तरीके से मारा गया है। इसमें डायल 112 मौके पर बुलाई गई थी। वह बाहर दिल्ली आए हुए हैं इसलिए जानकारी नहीं ले पाए। सोरखी पुलिस चौकी इंचार्ज का कहना है कि उनको जानकारी नहीं है ना ही इस संबंध में कोई शिकायत आई है। सोशल मीडिया पर ऐसा कोई वीडियो चल रहा है, तो दिखवा लेते है। यदि किसी ने कानून का उल्लंघन किया है, जांच कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मगर, ग्रामीण उसे पानी भरे कुएं में और नीचे कर देते हैं। इसके बाद करीब एक मिनट तक युवक को कुएं में लटकाया जाता है। इस पर युवक सारी बताने को तैयार हो जाता है, तब जाकर उसे बाहर निकाला जाता है और डंडों से पीटा जाता है। रस्सियों से भी बांधने का प्रयास किया जाता है।

**सुविधा** — कुलपति ने बस व ई-रिक्शा सेवा को दिखाई हरी झंडी, विश्वविद्यालय के सभी प्रमुख केंद्रों पर मिलेगी सेवा

# जीजेयू में आवागमन की समस्या खत्म, कैंपस में दौड़ेंगी बसें और ई-रिक्शा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए परिसर में विशेष फ्लैग-ऑफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विद्यार्थियों के सुगम आवागमन के लिए बस और ई-रिक्शा सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया। यह सेवा विशेष रूप से कैंपस के भीतर छात्र-छात्राओं, विशेषकर दूर-दराज के हॉस्टलों से आने वाली छात्राओं के समय और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक माहौल के साथ-साथ कैंपस के भीतर सर्वोत्तम बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस नई शुरुआत से विद्यार्थियों को एक शिक्षण खंड से दूसरे शिक्षण खंड और छात्रावासों तक जाने में किसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस फ्लैग-ऑफ कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. विनोद कुमार छोकर, डीन स्टूडेंटस वेलफेयर प्रो. एमके शर्मा और चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सुजाता सांघी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### यह रहेंगे मुख्य स्टॉपेज

मुख्य स्टॉपेज/रूट में विश्वविद्यालय मेन गेट, प्रवेश बिंदू, प्रशासनिक ब्लॉक, कुलसचिव कार्यालय, शिक्षण खंड, सभी मुख्य विभाग, लड़कियों के छात्रावास, लड़कों के छात्रावास, पुस्तकालय कंप्यूटर सेंटर, शॉपिंग कम्पलैक्स व विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र शामिल रहेंगे। सुरक्षा व समय का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### टाइम टेबल तैयार

विश्वविद्यालय के प्रोक्टर प्रो. अनिल कुमार भानखड़ ने कहा कि बस और ई-रिक्शा की सेवाओं के लिए एक बहुत ही व्यवस्थित टाइम टेबल तैयार किया है, ताकि विद्यार्थियों की कक्षाएं मिस न हों और वे समय पर अपनी मंजिल तक पहुंच सकें।

### ई-रिक्शा शटल सेवा

ई-रिक्शा पूरे दिन कैम्पस के मुख्य बिंदुओं पर चक्कर लगाते रहेंगे ताकि विद्यार्थियों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े। ई-रिक्शा सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक चलेंगे। ई-रिक्शा हर 10 से 15 मिनट में मुख्य स्टाप्स पर उपलब्ध रहेंगे।

### कैम्पस बस टाइम टेबल

बस प्रत्येक कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार को सुबह से शाम निर्धारित समय पर चक्कर लगाएगी।

- सुबह 08 :30 बजे से 09 :15 बजे तक छात्रावास से सीधे शिक्षण खंड 01 से 07 तथा विश्वविद्यालय के मेन गेट तक। सुबह भीड़ के घंटों के लिए नियमित सेवा रहेगी।
- दोपहर 12 : 45 बजे से 2 बजे तक लंच समय के दौरान शिक्षण खंडों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और कैंटीन तक।
- शाम 04 :30 बजे से 05 :30 बजे तक कक्षाओं के समाप्त होने के बाद शिक्षण खंडों से वापस सभी छात्रावासों और मेन गेट तक।

## खबर संक्षेप

### स्वदेशी जागरण मंच आज करेगा पौधरोपण

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को पौधरोपण करेगा। डोगरान मोहल्ला स्थित राजकीय मिडल स्कूल-2 में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक राकेश चराया ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर इंसान को यथासंभव प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिक संसाधनों की चाहत में पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए।

### ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में आठवां निर्वाण दिवस 8 को

**हिसार।** कैमरी रोड स्थित ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में आश्रम के संचालक एवं गद्दीनशीन श्री श्री1008 श्री महंत राजेश्वरा नंद महाराज के दिशानिर्देश व आशीर्वाद से श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन श्री ओमा नंद महाराज के निर्वाण दिवस 8 जून को धार्मिक कार्यक्रम कर के मनाया जाएगा। आश्रम से जुड़े व बड़े महाराज जी के शिष्य श्री श्री 108 श्री दलबीरा नंद महाराज ने बताया कि आठवें निवार्ण दिवस के पावन अवसर पर 8 जून को विद्वान ब्राह्मणों की उपस्थिति में हवन-यज्ञ किया जाएगा।

### डीईओ रामरतन का किया स्वागत

**बरवाला।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी रामरतन से शिष्टाचार भेंट की और उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के संरक्षक जयभगवान बडाला और जिला प्रधान विवेक शर्मा ने किया। इस अवसर पर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को भी उनके समक्ष रखा गया। जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन ने भी सभी मांगों पर सकारात्मक एंव सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

### मणिकूट धाम रवाना होगा श्रद्धालुओं का जत्था

**हिसार।** जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 श्री हरिओम जी महाराज के पावन सानिध्य में अधिक मास के शुभ अवसर पर मां त्रिपुर सुंदरी धाम, मणिकूट पर्वत, ऋषिकेश में 7 से 11 जून तक जनकल्याण शिव-शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ में सम्मिलित होने के लिए हिसार से पूज्य गुरुदेव भगवान के शिष्यों व श्रद्धालुओं का एक बड़ा जत्था 6 जून शनिवार को प्रातः मणिकूट पर्वत, ऋषिकेश के लिए रवाना होगा। जत्थे का नेतृत्व कर रहे ज्योति प्रकाश कौशिक ने बताया कि यात्रा में हिसार जिले के विभिन्न गांवों से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

### स्ट्रॉबेरी विल्ट बीमारी की पहचान बड़ी उपलब्धि

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) ने एचएयू वैज्ञानिकों द्वारा पहली बार स्ट्रॉबेरी विल्ट बीमारी की पहचान किए जाने को वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि बताया है। हौटा के अनुसार वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि को अंतरराष्ट्रीय स्तर के एल्सेवियर प्रकाशन ने बीमारी को मान्यता प्रदान की है। हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार गोदारा एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के नेतृत्व में एचएयू के वैज्ञानिक अपनी मेहनत व लग्न से नई-नई खोज करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं, जो गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हाल ही में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार स्ट्रॉबेरी में विल्ट बीमारी की पहचान की है।

### ग्रामीणों पर दर्ज झूठे केस वापस ले सरकार

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ऑल इंडिया राहुल गांधी कांग्रेस कमेटी के सदस्य वजीर सिंह पूनिया ने कहा है कि चानौत गांव के ग्रामीणों पर दर्ज किए गए मुकदमे सरकार को तत्काल प्रभाव से वापस लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने हक और बुनियादी सुविधाओं की मांग करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार है। इससे बंचित नहीं केया जा सकता है।

## मानसून से पहले अलर्ट मोड में प्रशासन

# हांसी में नालों की सफाई तेज, 800 मीटर काम बाकी

*हर हफ्ते 2 दिन चलेगी सुपर सकर मशीन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

बरसाती मौसम से पहले शहर में जल निकासी प्रबंधों को लेकर जिला सचिवालय में बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नालों और सीवरेज लाइनों की सफाई युद्धस्तर पर पूरी करें ताकि बरसात में जलभराव न हो। बैठक में जन स्वास्थ्य, एचएसवीपी, नगर परिषद समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एडीसी ने कहा कि मानसून में जलभराव से जनता को राहत देना प्राथमिकता है। सभी विभाग समन्वय से काम करें और जलभराव वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखें। 800 मीटर नालों की सफाई बाकी। नगर परिषद अधिकारी ने बताया कि शहर में करीब साढ़े छह किमी लंबे जल निकासी नाले हैं। अधिकांश की सफाई पूरी हो चुकी है, केवल 800 मीटर क्षेत्र में काम बाकी है जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।



**हांसी।** जल निकासी को लेकर आयोजित मीटिंग को संबोधित करते एडीसी लक्षित सरीन। फोटो : हरिभूमि

#### बिजली आपूर्ति रहेगी निर्बाध

एडीसी लक्षित सरीन ने बताया कि सीवरेज लाइनों की सफाई के लिए हर सप्ताह दो दिन सुपर सकर मशीन चलाई जाएगी। बिजली विभाग को निर्देश दिए कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और जल निकासी स्थलों पर बरसात में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग तय समय में काम पूरा करें और नियमित समीक्षा करें ताकि बरसात में शहरवासियों को परेशानी न हो। बैठक में जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी, नगर परिषद ईओ राजेंद्र सोनी समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रंगोत्सव में बच्चों ने सीखी मधुबनी कला

■ नि:शुल्क समर आर्ट कैंप रंगोत्सव 2026 का पांचवां दिन भारतीय लोक कला को समर्पित रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आकार वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित निःशुल्क समर आर्ट कैंप रंगोत्सव 2026 का पांचवां दिन भारतीय लोक कला को समर्पित रहा। इस अवसर पर पटना (बिहार) से आईं कलाकार प्रियंका गुप्ता एवं कर्पिता ने बच्चों को प्रसिद्ध मधुबनी पेंटिंग की बारीकियों, इतिहास तथा सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। कलाकारों ने लाइव मधुबनी पेंटिंग बनाकर बच्चों को इसकी विभिन्न शैलियों और तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया, जिसके बाद बच्चों ने स्वयं मधुबनी कला पर आधारित सुंदर चित्र तैयार किए। कैंप के अंतिम दिन प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कलाकारों के मार्गदर्शन में बच्चों ने मधुबनी कला की विभिन्न तकनीकों को सीखा और आकर्षक कलाकृतियों का निर्माण किया।



**हिसार।** नि :शुल्क कैंप में मधुबनी कला सीखते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### जवाहर नगर रास्ता देने के आश्वासन पर धरना समाप्त

**आदमपुर।** जवाहर नगर संघर्ष समिति द्वारा रास्ता देने की मांग को लेकर चलाया जा रहा प्रशासन द्वारा उन्हें 3 फुट का रास्ता देने के आश्वासन पर समाप्त कर दिया गया है। आदमपुर के पूर्व विधायक एवं भाजपा युवा मोर्चा प्रभारी भव्य बिश्नोई धरनास्थल पर पहुंचे तथा उन्होंने बताया कि प्रशासन में रेलवे विभाग ने उन्हें घरों के आगे आने जाने के लिए एक मीटर का रास्ता मंजूर किया है जिसके चलते आप धरना समाप्त कर देना चाहिए। उनके केवल प्रशासन द्वारा मंजूरी देने पर धरना समाप्त कर दिया गया है।



### मेयर ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया

**हिसार।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार शहर में दो दिवसीय महास्वच्छता अभियान की शुरुआत हुई। इसके तहत इस अभियान का शुभारंभ मेयर प्रवीण पोपली ने वार्ड एक से किया। अभियान में मेयर ने स्वयं श्रमदान कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया और शहर को साफ-सुथरा एवं सुंदर बनाने के लिए जनसहभागिता का आह्वान किया। अभियान के पहले दिन गुरुवार अल सुबह मेयर प्रवीण पोपली सेक्टर-14 स्थित पंजाबी भवन के पीछे पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क पर झाडू लगाकर सफाई अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल नगर निगम के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा गीला व सूखा अलग-अलग डस्टबिन में एकत्रित कर नगर निगम द्वारा संचालित वाहनों में डालने की अपील की।

# हिन्दू पब्लिक स्कूल के बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने रच दिया इतिहास

■ एशिया कप के लिए भारतीय टीम क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिन्दू पब्लिक स्कूल, चौधरीवास के बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले तथा हरियाणा प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में उनके सम्मान में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हरियाणा स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव श्रीपाल सिंह ने बताया कि श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित एफआईबीए अंडर-18 बास्केटबॉल एशिया कप साउथ एशिया बास्केटबॉल एसोसिएशन क्वालीफायर में भारतीय लड़कों एवं लड़कियों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया तथा एशिया कप-2026 के लिए क्वालीफाई किया। लड़कों के फाइनल मुकाबले में भारत ने मेजबान श्रीलंका को 78-56 से पराजित कर स्वर्णिम सफलता हासिल की।



#### खिलाड़ियों का स्वागत

स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में खिलाड़ियों के साथ हरियाणा टीम के हेड कोच विनय श्योराण, कोच अनिल सिहाग, कोच जगबीर श्योराण तथा मैनेजर डॉ. कुलवंत दलाल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर हरियाणा बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष अजय श्योराण, उपाध्यक्ष इंदरजीत, सचिव श्रीपाल सिंह, सह-सचिव महताब सिंह दहिया, कोषाध्यक्ष बिट्टू सैनी, सदस्य अधिवक्ता संदीप सचदेवा, सतपाल सिंह, सोनिया देवी, अशोक कुमार, दीपक शर्मा, विशाल सिंह तथा विद्यालय के कोच कृष्ण सिगार एवं रोहित श्योराण सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# लुवास इंटरक्लास कबड्डी प्रतियोगिता : वीएलडीडी टीमों का दबदबा, संजीत बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में आयोजित इंटरक्लास कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला उत्साह व रोमांच के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर एडीएसडब्ल्यू (स्पोर्ट्स) डॉ. यशवंत सिंह तथा कबड्डी क्लब के अध्यक्ष डॉ. रवि दत्त भी मौजूद रहे। बालिका वर्ग में वीएलडीडी प्रथम वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन में से दो मुकाबले जीतकर इंटर क्लास कबड्डी टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट खेल कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में वीएलडीडी द्वितीय वर्ष की टीम ने बीवीएससी चतुर्थ वर्ष की टीम को 47-42 के स्कोर से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। बीवीएससी चतुर्थ वर्ष की टीम उपविजेता रही। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने का अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीवीएससी चतुर्थ वर्ष के छात्र संजीत को मैन ऑफ द मैच तथा प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



**हिसार।** कुलपति व अन्य अधिकारियों के साथ विजेता टीम।

#### विजेताओं को दी बधाई

कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप कुमार, एडीएसडब्ल्यू (स्पोर्ट्स) यशवंत सिंह आदि मौजूद थे।

### पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दें : संपत सिंह

**हिसार।** इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक एवं पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि वे पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दें तथा धरती को हरा-भरा, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में अपना योगदान दें। प्रो. संपत सिंह ने धरतीपुत्र क्लब, मात्रश्याम द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान को समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने क्लब द्वारा आयोजित पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रकृति की रक्षा आज के समय की सबसे बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जल संकट, गिरता भूजल स्तर, बढ़ता तापमान तथा लगातार घटते वन क्षेत्र मानव सभ्यता के सामने गंभीर चुनौती बनकर उभरे हैं।

# गुरु जम्भेश्वर विवि के नौ कार्यक्रमों को एनबीए मान्यता

## वैश्विक स्तर पर बढ़ी विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठाः प्रो. नरसी राम बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने नौ कार्यक्रमों के लिए नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन (एनबीए), भारत से मान्यता प्राप्त की है। मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों में एमबीए, एमसीए, एमटेक पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बीटेक सूचना प्रौद्योगिकी, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी शामिल हैं। इस उपलब्धि पर गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुलसचिव डा. विजय कुमार, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की तथा कहा कि एनबीए मान्यता विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, परिणाम-आधारित शिक्षा, प्रभावी शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं, अनुसंधान गतिविधियों, आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाओं तथा उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रमों की राष्ट्रीय स्तर पर पुष्टि करती है।



**हिसार।** बैठक को सम्बोधित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

#### उच्च शिक्षा की सुविधा मिलेगी

डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा ने बताया कि एनबीए मान्यता प्राप्त कार्यक्रम विद्यार्थियों को अनेक प्रत्यक्ष एवं दीर्घकालिक लाभ प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि एनबीए से मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग कार्यक्रम वाशिंगटन अकॉर्ड से संबद्ध होने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक मान्यता प्राप्त करते हैं। इससे विद्यार्थियों को अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, जापान तथा अन्य सदस्य देशों में उच्च शिक्षा, पेशेवर पंजीकरण और रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सुविधा मिलती है।

## 19 किलो अफीम तस्करी का मामला

# मुख्य सप्लायर को जोधपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया

■ आरोपी की पहचान मोखातर निवासी ओमप्रकाश के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 किलो अफीम बरामदगी मामले में वांछित मुख्य सप्लायर को राजस्थान की जोधपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर अदालत में पेश किया। आरोपी की पहचान जालौर जिले के मोखातर निवासी ओमप्रकाश के रूप में हुई है। एएनसी प्रभारी उप निरीक्षक इन्द्र सिंह गोदारा ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल टीम में एएसआई शक्ति सिंह ने 20 मार्च 2023 को जिंदल फैक्ट्री के पास से 19 किलो अफीम सहित आरोपी भागीरथ व ज्ञान चन्द को काबू करके जेल भिजवाया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अफीम की सप्लाई श्रृंखला का खुलासा हुआ, जिसमें एक मुख्य सप्लायर ओमप्रकाश की संलिप्तता सामने आई थी। उक्त आरोपी वर्तमान में किसी अन्य मामले में जोधपुर जेल में बंद था। जांच के दौरान एंटी नारकोटिक सेल टीम के एएसआई जगदीश कुमार ने अदालत से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपी को जोधपुर जेल से हिसार लाकर अदालत में पेश किया।

# मूंग की किस्मों को बढ़ावा देने के लिए एचएयू का कंपनी से समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित मूंग की उन्नत किस्मों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के निर्देशानुसार तकनीकी व्यवसायीकरण को बढ़ावा देते हुए हेमट्रिक्स एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, रुद्रपुर, उत्तराखंड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उन्नत किस्में ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचे, इसके लिए के साथ समझौता किया गया हैं। उपरोक्त समझौते के तहत विश्वविद्यालय द्वारा विकसित मूंग की दो किस्में एमएच 1142, एमएच 1762 का बीज तैयार कर कंपनी किसानों तक पहुंचाएगी ताकि उन्हें इन किस्मों का विश्वसनीय बीज मिल सकें और उनकी पैदावार में इजाफा हो सकें। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने तथा हेमट्रिक्स एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से जोनल मैनेजर बीएन मिश्रा ने हस्ताक्षर किए। उन्होंने बताया कि समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के बाद अब कंपनी विश्वविद्यालय को लाइसेंस फीस अदा करेगी, जिसके तहत उसे बीज का उत्पादन व विपणन करने का अधिकार प्राप्त होगा।

## वानप्रस्थ सीनियर सिटीजन क्लब में विशेष संगीत कार्यक्रम

# तलत महमूद की याद में गूंजे सदाबहार नगमें

■ क्लब के सदस्यों ने महमूद के अमर गीत प्रस्तुत कर उन्हें सुरों भरी श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वानप्रस्थ सीनियर सिटीजन क्लब में हिन्दी फिल्म संगीत के महान गायक, स्वर-सम्राट एवं मखमली आवाज़ के जादूगर तलत महमूद की स्मृति में एक भावपूर्ण संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के सदस्यों ने उनके अमर गीत प्रस्तुत कर उन्हें सुरों भरी श्रद्धांजलि अर्पित की। क्लब के महासचिव डॉ. जेके डांग ने स्वागत भाषण में कहा कि तलत महमूद की मधुर, दर्दभरी और संवेदनशील गायकी आज भी संगीत प्रेमियों के दिलों में जीवित है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुष्पा खरब ने किया। तलत महमूद के जीवन से जुड़े रोचक प्रसंग सुनाए तथा बताया कि वे विदेशों में लाइव कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले पहले भारतीय पार्श्व गायकों में से एक थे। मध्यांतर के दौरान उन्होंने पीपीटी के माध्यम से तलत साहब के जीवन की दुर्लभ तस्वीरें भी प्रस्तुत कीं। संगीत संध्या का शुभारंभ डॉ. कमल धवन एवं डॉ. एस. एस. धवन के युगल गीत मिलते ही आंखें दिल हुआ दीवाना किसी का से हुआ। इसके बाद डॉ. अजीत एवं डॉ. कमलेश कुकड़ेजा ने दिल-ए-नादान तुझे हुआ क्या है प्रस्तुत किया। डॉ. आर. के. सैनी ने मैं तेरी नज़र का सुरूर हूं सुनाया।



**हिसार।** तलत महमूद स्मृति संगीत संध्या में भाग लेते कलाकार।

#### तलत महमूद की गायकी आज भी दिलों में जीवित

दूसरे सत्र में डॉ. कमलेश कुकड़ेजा ने जलते हैं जिसके लिए, डॉ. एम एस. राणा ने सब कुछ लुटा के होश में आए, डॉ. एसएस धवन ने ऐ मेरे दिल कहीं और चल, डॉ. एस. के. माहेश्वरी ने अश्कों ने जो पाया है, डॉ. एस एन शर्मा ने ये हवा ये रात ये चांदनी तथा अजीत सिंह ने हमसे आया न गया प्रस्तुत कर समां बांध दिया। अंत में क्लब के अध्यक्ष डॉ. एस. के. अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों, विशेष रूप से डॉ. पुष्पा खरब का आभार जताया।

## खबर संक्षेप

### पांच हजार का इनामी एवं घोषित भगोड़ा पकड़ा

**हिसार।** सीआईए मिलगेट टीम ने पांच हजार रुपये के इनामी एवं विभिन्न संगीन मामलों में घोषित भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआई प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि बालसमंद गांव निवासी आशीष उर्फ बिल्ला पिछले साल 25 अप्रैल को सदर थाना में दर्ज मामले में वांछित था। सीआईए टीम ने उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आया है कि आरोपी आशीष उर्फ बिल्ला लंबे समय से कानून से बचता फिर रहा था।

### योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि 7 जून को ताऊ देवी लाल टाउन पार्क में प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,जिसमें शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम आयुष विभाग हरियाणा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों के तहत आयोजित किया जा रहा है।

### अपमानजनक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**हिसार।** मोहल्ला डोगरान पुलिस ने फोन पर गाली-गलौच करने तथा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से मोबाइल फोन बरामद किया है। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि थाना एचटीएम के अंतर्गत पुलिस चौकी मोहल्ला डोगरान में मेहता नगर निवासी विपिन खुराना ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उसके मोबाइल फोन पर एक व्यक्ति ने उन्हें पाकिस्तानी रिफ्यूजी सहित अन्य अपमानजनक शब्दों से संबोधित करते हुए उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

### हरियाणवी संस्कृति एवं कला का जीवंत प्रदर्शन

**हिसार।** स्वतन्त्रता सेनानी चौधरी मुंशीराम सहारण राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सातरोड़ ख़ास में आयोजित भारतीय भाषा शिविर के अंतर्गत छात्राओं के लिए कला, संस्कृति एवं भाषाई विरासत से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान ड्राइंग अध्यापक विजय द्वारा छात्राओं को पेंटिंग गतिविधि करवाई गई, जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं हिन्दी प्राध्यापिका एवं लोक कलाकार अर्चना सुहासिनी द्वारा कला एवं संस्कृति पर आधारित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं।

### किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल

**हिसार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उनके समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई के उपरांत डॉ. कमल गुप्ता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा के किसानों को अंतरराष्ट्रीय कृषि व्यापार से जोड़ने की दिशा में उठाए गए कदम की सराहना की।

### आजाद की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में रोष

**हिसार।** किरतान गांव में शहीद चंद्रशेखर की प्रतिमा को शरारती तत्वों ने तीसरी बार क्षतिग्रस्त कर दिया है। गांव के चौक पर स्थापित इस प्रतिमा के हाथ और अन्य हिस्सों को नुकसान पहुंचाया गया है। ग्रामीण मुकेश किरतान ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी दो बार प्रतिमा को तोड़ा जा चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछली शिकायतों के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़े। मुकेश किरतान के अनुसार, बार-बार कार्रवाई न होने के कारण ग्रामीणों का पुलिस पर से विश्वास कम हो गया है।

## आमजन की समस्याओं के निवारण का माध्यम है समाधान शिविर

# नाले की जगह बना दिया पक्का रास्ता एडीसी ने दिए उचित समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने कहा है कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण का सशक्त माध्यम है। समाधान शिविर से आमजन के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और संतोष की भावना सशक्त हुई है। प्रशासनिक कार्यशैली और संवेदनशील व्यवहार के साथ शिकायतों की सुनवाई कर समाधान शिविर आम जनता को राहत प्रदान कर रहे हैं।



हिसार। नागरिकों की समस्याएं सुनती अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल।



नारनौंद। समाधान शिविर में ग्रामीण शिकायत देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में सातरोड कलां निवासी कृष्ण कुमार की अधिकारियों द्वारा भूमि पैमाइश न करने संबंधी शिकायत पर एडीसी ने डीआरओ को मामले की जांच कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गांव सिवानी बोलान के कुछ ग्रामीणों द्वारा बंद गली को खुलवाने की मांग पर एडीसी ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को मौका मुआयना कर आगामी कार्रवाई अमल में लाने की हिदायत दी।

गांव खोखा के ग्रामीणों ने नाले की जगह बनाए गए पक्के रास्ते को हटवाने की मांग पर एडीसी ने सिंचाई विभाग के एक्सईएन को मामले की जांच कर नागरिकों की समस्या का उचित समाधान करने के निर्देश दिए। डोगरान मोहल्ला निवासी मनोज कुमार की पड़ोसी द्वारा किए गए अवैध निर्माण हटवाने संबंधी शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने नगर निगम अधिकारियों को मौका पर जाकर जांच करने उपरांत आगामी कार्रवाई करने की हिदायत दी।

### तहसीलदार ने सुनीं समस्याएं

**हांसी।** जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में तहसीलदार अनिल कुमार बिढान ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता है। गांव ढाणी पिरावली निवासी प्रदीप कुमार ने जलघर की पाइपलाइन में लीकेज की शिकायत रखी। तहसीलदार ने जन स्वास्थ्य विभाग को तुरंत लीकेज ठीक कर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। एचएसवीपी सेक्टर-6 में सीवरेज लाइन ओवरफ्लो की शिकायत पर संबंधित विभाग को मौके पर जाकर समस्या हल करने के निर्देश दिए। गांव बांडा हेडी के खेल स्टेडियम में आंधी से टेढ़े हुए पोल की शिकायत पर खेल विभाग को सुरक्षा के मद्देनजर पोल सीधे करवाने को कहा।

### साहब! हमारी गली का रास्ता खुलवा दो, आने-जाने में होती है परेशानी

**नारनौंद।** समाधान शिविर के दौरान गुरुवार को एक महिला निशि ने हाथ में शिकायत लिए हुए अपना दुखड़ा रो रही थी कि वे सरकारी कार्यों के चक्कर काट कर थक चुकी है। उनकी गली का रास्ता बंद पड़ा हुआ है उसको खुलवाने का काम किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को लिखित में शिकायत भी दी है। मौके पर बैठे कर्मचारियों ने एक सप्ताह में समस्या का समाधान करने का आश्वासन भी दिया। गांव मोठ की शकुंतला ने बताया कि उनका बीपीएल राशन कार्ड कट गया हैं उनको कोटे पर राशन भी नहीं मिलता। वो बिल्कुल गरीब है। बड़ी मुश्किल से दो वक्त की रोटी का जुगाड़ होता हैं। उनका परिवार कार्ड कटने के बाद काफी सदमे में है। कापड़ों गांव से आए बुर्जुग कर्मवीर ने बताया कि उसकी बुढ़ापा पेंशन अभी तक नहीं बन पाई है। माजरा की मायापती भी पेंशन बनवाने के चक्कर काट रही हैं। राजथल के राजकुमार भी बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए बार इस समाधान शिविर के चक्कर काटने के लिए मजबूर हो रहा हैं हर बार नई शर्त बताकर कागज लाने को कहा जाता हैं।

## न्यूज डायरी



### अब भारत को सोने का शेर बनाना है : ईश आर्य

**हिसार।** भारत स्वाभिमान न्यास के प्रदेश प्रभारी ईश आर्य ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत केवल सोने की चिड़िया कहलाने तक सीमित न रहे, बल्कि ज्ञान, शक्ति, संस्कृति, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के बल पर सोने का शेर बनकर विश्व का नेतृत्व करे। ईश आर्य गुरुवार को मधुबन पार्क में आयोजित योग विज्ञान, साधना एवं प्राणायाम शिविर का शुभारंभ अवसर पर कही। इस मौके पर लक्ष्मी अग्रवाल, अनिल जैन, जी.सी. नारंग, सुमन, सुनील कक्कड़, डॉ. कलवंत जांगड़ा, सेवानिवृत्त एसडीओ चन्द्र सिंह, मदनलाल रहेजा एवं शिवलाल चौहान भी उपस्थित रहे।

### मेजर अमित कुमार को मिला सर्वश्रेष्ठ छात्र सम्मान



**हिसार।** जिले के गांव भिवानी रोहिल्ला निवासी मेजर अमित कुमार दलाल ने अंतरराष्ट्रीय सैन्य मंच पर देश का नाम रोशन किया है। भारतीय सेना की 19 मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री में कार्यरत मेजर दलाल ने केन्या के जॉइंट कमांड एंड स्टाफ कॉलेज और नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2025-26 के प्रतिष्ठित सीनियर जॉइंट कमांड एंड स्टाफ कोर्स में 19 देशों के कुल 95 सैन्य अधिकारियों ने भाग लिया। इनमें 71 केन्या डिफेंस फोर्स और 24 सहयोगी देशों के अधिकारी शामिल थे। मेजर अमित कुमार दलाल ने इस प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी शैक्षणिक प्रतिभा और पेशेवर दक्षता का प्रदर्शन किया। मेजर दलाल को कोर्स के दूसरे सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने रक्षा एवं रणनीतिक अध्ययन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार भी प्राप्त किया।

### हलवाइयों और रेहड़ी वालों को बांटे दस्ताने-कैप

**हांसी।** शहर को स्वच्छ बनाने और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए नगर परिषद ने बुधवार को विशेष स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया। जिला नगर आयुक्त लक्षित सरीन ने तिकोना पार्क के पास श्रमदान कर अभियान की शुरुआत की। डीएमसी लक्षित सरीन के नेतृत्व में गुरुवार को वार्ड 2 और 26 में अभियान चलाया गया। खाद्य पदार्थ बनाने और बेचने वाले दुकानदारों, हलवाइयों व रेहड़ी संचालकों को दस्ताने और जाली कैप वितरित किए गए। सरीन ने कहा कि खाद्य पदार्थों की स्वच्छता सीधे लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी है। स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए यह पहल की गई है। नगर परिषद ने अलग-अलग टीमों का गठन कर शहर में दस्ताने-कैप बांटे। टीमों ने दुकानदारों को व्यक्तिगत सुरक्षा और खाद्य रखरखाव के बारे में भी जागरूक किया। अभियान में 60 सफाई कर्मचारी, 6 हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर और कई वाहन लगाए गए।



आदमपुर। नवनिर्वाचित पंचों व सरपंचों को शपथ दिलाते अधिकारी।

### नवनिर्वाचित सरपंचों व पंचों को दिलाई शपथ

आदमपुर। आदमपुर एवं जवाहर नगर से चुने गए सरपंच तथा पंचों को खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी ने पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। उन्होंने नवनिर्वाचित पंचों व सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि वे आपसी मतभेद बुलाकर गांव के विकास के लिए एक जुट होकर कार्य करें तथा गांव की समस्याओं का दूर करें। उन्होंने पंचायत के अधीन होने वाले कार्यों से अवगत कराते हुए कहा कि गांव में सड़के ,पेयजल व्यवस्था, पानी निकासी व्यवस्था तथा अन्य विकास कार्यों के लिए पंचायती प्रस्ताव पास करके सरकार के पास भेज सकती हैं ताकि उन्हें कार्य करवाने के लिए अनुदान मिल सके। इस मौके पर आदमपुर के सरपंच जगत अग्रवाल जवाहर नगर की सरपंच सलमा बिश्नोई, कुलदीप ज्यानी, प्रकाश वर्मा, प्रवीण, सुनील, मुन्ना शर्मा, गायत्री देवी सहित अनेक पंच सरपंच उपस्थित रहे।

# बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने रोके चुनाव

- बीसीआई के खिलाफ वकीलों ने जताया रोष, 12 जून को ही बार का चुनाव कराने का लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। बार रूम में बैठक करते वकील। *फोटो : हरिभूमि*

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने बड़ा फैसला लेते हुए हिसार बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। यह चुनाव 12 जून को होने थे। बीसीआई के फैसले के खिलाफ वकील गुरुवार को बार रूम में एकत्रित हुए और फैसले का विरोध किया। वकीलों ने बैठक के दौरान कहा कि हर हाल में चुनाव होना चाहिए। इसके बाद फैसला लिया गया कि 12 जून को ही बार का चुनाव किया जाएगा और बीसीआई को पत्र का जवाब दे दिया जाएगा। इससे पहले बीसीआई की एग्जीक्यूटिव कमेटी के चेयरमैन अपूर्बा कुमार शर्मा ने नियमों के उल्लंघन की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए यह अंतरिम आदेश जारी किया है। साथ ही हिसार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारियों को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। दूसरी ओर बार चुनाव को लेकर हिसार बार में नामांकन भरे जा चुके थे। ऐसे में हिसार बार के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। दरअसल, हिसार बार एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सामने एक गंभीर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि 12 जून को होने वाली चुनाव प्रक्रिया में बार काउंसिल ऑफ इंडिया और पंजाब व हरियाणा बार काउंसिल के नियमों व गाइडलाइंस की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

### गुजवि में होगा 'श्री अशोक सिंघल अध्ययन शोध पीठ' का उद्घाटन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अशोक सिंघल अध्ययन शोध पीठ का उद्घाटन एवं 'राष्ट्र अस्मिता में सांस्कृतिक और पर्यावरण चेतना का समन्वय' विषय पर प्रथम राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। अशोक सिंघल अध्ययन शोध पीठ, सांस्कृतिक गौरव संस्थान एवं गुजविप्रौवि का संयुक्त उद्यम है। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार के हॉल-1 में सुबह 10 बजे होने वाली इस संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों और आधुनिक प्यावरण चेतना के बीच के गहरे जुड़ाव पर मंथन करना है। इस संगोष्ठी में दिग्गज राष्ट्रीय हस्तियां और शिक्षाविद् शामिल होंगे। संगोष्ठी में राष्ट्रीय गौरव संस्थान, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल खन्ना मुख्य अतिथि होंगे। विश्व हिंदू परिषद के केन्द्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा संगोष्ठी के मुख्य वक्ता होंगे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के अनुसार, नवनिर्मित 'श्री अशोक सिंघल अध्ययन शोध पीठ' आने वाले समय में देश की सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्र अस्मिता और पर्यावरण संरक्षण के अंतर्संबंधों पर गहन शोध और अध्ययन को बढ़ावा देगी।

# हांसी के मशहूर दरिया गोलगप्पे वाले के बेटे पर हुआ जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

रामदेव मंदिर के समीप गोल-गप्पे की रेहड़ी लगाने वाले हांसी के मशहूर दरिया गोलगप्पे वाले के बेटे हरीश पर मंगलवार रात को जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर गुरुवार सुबह परिजनों, हांसी व्यापार मंडल और विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने त्रिकोना पार्क पर धरना शुरू कर दिया है। धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।



हांसी। धरने पर बैठे हांसी व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवीण तायल व घायल के परिजन।

बता दें कि घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे त्रिकोना पार्क के समीप रामदेव मंदिर के पास हुई थी। अज्ञात हमलावरों ने रेहड़ी पर खड़े हरीश पर बिना कुछ बोले अचानक लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया था जिससे हरीश गंभीर रूप से घायल हो गया, आस-पास के लोगों ने तुरंत उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर जहां उसका इलाज चल रहा है। अज्ञात हमलावरों द्वारा हरीश पर किए गए हमले की पूरी घटना वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

# आज से रात्रि ठहराव बंद, कल से हड़ताल की चेतावनी

- रोडवेज कर्मचारियों का धरना 21वें दिन भी जारी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रोडवेज के हिसार डिपो कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सांझा संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहा धरना गुरुवार को 21वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने की अध्यक्षता राजेश सेलवाल ने की, जबकि मंच संचालन अनिल सरसाना ने किया। धरना स्थल पर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की। इस बीच महाप्रबंधक हिसार द्वारा कर्मचारियों के साथ एक बैठक भी बुलाई गई, लेकिन कर्मचारियों ने बैठक को केवल औपचारिकता बताते हुए कहा कि ऐसी बैठकों में केवल आश्वासन दिए जाते हैं और समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं निकलता। सांझा संघर्ष समिति ने बताया कि 5 जून को राज्य स्तरीय सांझा मोर्चा के पदाधिकारी हिसार पहुंचकर कमिश्नरी के माध्यम से 25 जुलाई को प्रस्तावित परिवहन मंत्री के घेराव के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगे। इस कार्यक्रम में हिसार एवं हांसी सब डिपो के कर्मचारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। समिति ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों के लंबित भत्तों का भुगतान शीघ्र नहीं किया गया तो 5 जून से रात्रि ठहराव (नाइट स्टे) बंद कर दिया जाएगा तथा 6 जून से कर्मचारी हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होंगे।



हिसार। गेट मीटिंग में प्रदर्शन करते पब्लिक हेल्थ कर्मचारी।

### 8 जून को आम सभा में समस्याओं पर मंथन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच द्वारा मेन वाटर वर्क्स महावीर कॉलोनी, सीवरेज कंप्लेंट सेंटर तथा द्वितीय जलघर कैमरी रोड पर गेट मीटिंग आयोजित की गई। अध्यक्षता ब्रांच प्रधान अशोक कुमार ने की, जबकि संचालन सचिव राकेश वशिष्ठ ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान अशोक कुमार और सचिव राकेश वशिष्ठ ने कहा कि सरकार और विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार कर्मचारी वर्ग की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के हित में न्यायालयों द्वारा दिए गए फैसलों को भी लागू नहीं किया जा रहा, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

## आकर्षण का केंद्र बनी पेंटिंग 90 हजार में बिकी

# सुरभि की पेंटिंग को यूके में मिले खरीदार


*सुरभि की पेंटिंग यूके में पहली बार प्रदर्शित की गई थी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सुरभि आर्ट गैलरी व कला संस्थान की संचालक, वरिष्ठ कलाकार डॉ. राजेश जांगड़ा व डॉ. गीता जांगड़ा की सुपुत्री सुरभि जांगड़ा, ऑलस्टर विश्वविद्यालय (बेलफास्ट यूके) में एमएफए फाइन आर्ट्स कर रही है प्रथम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विश्वविद्यालय द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाई गई कलाकृतियां की प्रदर्शनी, क्वीन स्ट्रीटआर्ट गैलरी बेलफास्ट में प्रदर्शित की गई। सुरभि द्वारा निर्मित तीन कलाकृतियां दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी के अंतिम सप्ताह में स्थानीय कला प्रशंसक ने सुरभि द्वारा निर्मित कलाकृति (साइज दो+तीन फीट माध्यम एक्रेलिक) 90 हजार में खरीदी। उल्लेखनीय है कि सुरभि द्वारा निर्मित कलाकृति यूके में पहली बार प्रदर्शित की गई थी और विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों में श्रेष्ठ स्थान व मूल्य प्राप्त किया। डॉ. राजेश जांगड़ा व डॉ. गीता ने बताया कि उन्हें बेटी व उसकी कला पर गर्व है और पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में सुरभि द्वारा निर्मित कलाकृतियां और अधिक प्रभावशाली व आकर्षक होगी और विश्वभर में कला समीक्षकों व प्रशंसकों द्वारा पसंद की जाएगी। कुमारी सुरभि की इस उपलब्धि के लिए सुरभि आर्ट सोसाइटी के सभी पदाधिकारी व मेंबर नरेंद्र यादव पूर्व समन्वयक नेहरू युवा केंद्र हिसार, साधुराम जाखड़, डॉ महेंद्र सिंह विवेक, डॉ. नेहा बत्रा, बनी सिंह जांगड़ा, डॉ. कविता मोर, विनीत कुमार जांगड़ा, सुनीता जाखड़, कविता जांगड़ा, गीता बूरा, उर्मिला बूरा, नीलम सुंडा, पवन सिंधु चित्रकार, इंद्रजीत बत्रा, राजेंद्र भट्ट , रेनू जिंदल, सत्यपाल, राम सिंह जांगड़ा व प्रो. विकास ने बधाई संदेश दिया।



कलाकार सुरभि जांगड़ा।



सुरभि द्वारा बनाई गई कलाकृति।

# डॉ. अर्चना के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने से अग्रवाल समाज का बढ़ा सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

भाजपा द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर अग्रबंधु परिषद ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे संगठन एवं समाज के लिए ऐतिहासिक निर्णय बताया है। परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस नियुक्ति से अग्रवाल समाज को विशेष मान-सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता एक अनुभवी, कर्मठ, शिक्षित एवं जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी कार्यशैली, संगठन क्षमता और नेतृत्व कौशल को देखते हुए उन्हें प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व सौंपा जाना पूरी तरह उचित एवं स्वागत योग्य निर्णय है। एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि भाजपा सदैव समाज के सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने का कार्य करती रही है। डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश की कमान सौंपकर पार्टी ने महिलाओं के नेतृत्व को भी नई पहचान दी है।

**सूचना**

मैं, विनोद कुमार पुत्र श्री कलीराम निवासी गांव सातरोड़ खुर्द तहसील व जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मोहित शर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

UPTO 80% OFF

# Summer Sale

04 June to 18 June

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

SANTOOR GENTLE HAND WASH CLASSIC 675 ML

Fresca 1 LTR

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

ROHTAK | BAHADURGARH | JHAJJAR | SAMPLA | GOHANA | KARNAL | HISAR | SONIPAT | BHIWANI

## BUY 1 GET 1 FREE

- REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR
- CHIPS
- AMUL TOMATO KETCHUP
- GM POHA CLASSIC (500G)
- MCCAIN 1.2KG
- BREGANO PASTA ALL VARIANTS
- XCITE NOODLES ( 330 g)
- BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG
- NISHA NAMKEEN
- SATMOLA NAMKEEN
- MULBERRY MUFFINWALA
- DABUR GLUCOSE-D 1KG
- YUVAID SHARBAT
- TOP / MOTHER PICKLE 950 GM
- CATCH COLD DRINK 1.2LITRE
- MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG
- FUNFOOD VEG MAYO SUPERLITE 800GM
- MANGO SIP 1LTR
- PRABHAS GHEE
- KHADI INDIA ALL VARIANTS
- COLGATE VISIBLE WHITE
- PATANJALI TOOTHPASTE 300 GM / 150GM
- SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR
- COMFORT 2 LTR IMPORTED
- CLEAN & CLEAR FACEWASH 240 ML
- BAJAJ COCONUT OIL PET 600ML/ 300ML
- K'TRIQ SELECTED VARIANT
- DEHAAT MAKHANA
- PRIL LIME GREASE 1.5LTR 750 ML
- CHINAR MAT Below MRP- ₹400
- TRISHUL 5LTR
- IHP PRODUCTS
- CLARET / KRESSA / KCO NAPKIN

MANIA JUICE 1.2 LTR BUY 1 GET 3 FREE

**Rohtak, Bus Stand**
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480

**Rohtak, Model Town**
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480

**Karnal**
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555

**Dighal**
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

**Pinjore**
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana Contact: +91-76962 97828

**Bahadurgarh**
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

**Sampla**
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

**Gohana**
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

**Jhajjar**
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

**Sonipat**
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

**Zirakpur**
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600

**Hisar**
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427

**Bhiwani**
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240

**UPCOMING BRANCHES**
Panipat | Sirsa | Rewari
Mohali | Ghaziabad | Sirhind
Jind | Narnaul | Malerkotla

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Payment Accepted

*T& C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.